दैनिक भास्कर बुरहानपुर 11-08-2023

विश्व आदिवासी दिवस • जागृति कला केंद्र के कलाकारों ने दी प्रस्तुति

# 20 कलाकारों ने कला से समां बांधा

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड सभागार में बुधवार शाम अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया गया। मध्य प्रदेश के जनजातीय लोक संस्कृति से सुसज्जित सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड सीएमडी कोमोडोर सौरव देब ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुकेश दरबार के निर्देशन में नेपानगर जागृति कला केंद्र के 20 कलाकारों ने मप्र राज्य के विभिन्न लोक नृत्यों विशेषत: निमाड़ के भगोरिया, फगुआ आदि पारंपरिक लोक नृत्यों और लोकगीतों की प्रस्तुति दी।

पारंपरिक वेशभूषा में जनजातीय वाद्ययंत्रों की ताल पर थिरकते हुए सैय्यद निसार, प्रकाश केदारे, सुनील शिंदे, शेख वसीम, मुकेश मेढ़े, दिलीप शिंदे, रविंद्र गेहलोद, सुनील रामा, ईकिश ढाबा, राकेश फिरता, अशोक राजाराम, बिरजू मालसिंह, पेरसिंह सियाराम, विजय मोरे, रुपेश महाजन, दीपक जेम्स, धनजी खैरे, सोनू बेहरे, सीमा लोनारे, अश्विनी धुर्वे ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को आदिवासी लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया।



कलाकारों ने नृत्य की प्रस्तुति दी।

## सीएमडी ने क्रांतिकारियों के बलिदान को किया नमन

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया इस दौरान मुख्य अतिथि नेपा मिल सीएमडी सौरव देब द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महा नायकों भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा भील जैसे क्रांतिकारियों के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महा प्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक श्रम कल्याण विकास गौर, प्रबंधक (कार्मिक), प्रशासन महेंद्र केसरी, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

बुरहानपुर पत्रिका

ब्रीफ न्यूज

# भगोरिया, फगुआ नृत्य की लोकगीतों के साथ दी प्रस्तुति



नेपानगर @ पत्रिका. भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड सभागार में बुधवार शाम अंतरराष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया गया। जनजातीय लोक संस्कृति से सुसज्जित सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड सीएमडी कोमोडोर सौरव देब ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मुकेश दरबार के निर्देशन में नेपानगर जागृति कला केंद्र के लगभग 20 कलाकारों ने राज्य के विभिन्न लोक नृत्यों विशेषत निमाड़ के भगोरिया, फगुआ आदि पारंपरिक लोक नृत्यों और लोकगीतों की प्रस्तुति दी। पारंपरिक वेशभूषा में जनजातीय वाद्ययंत्रों की ताल पर थिरकते हुए सैयद निसार, प्रकाश केदारे, सुनील शिंदे, शेख वसीम, मुकेश मेढ़े, दिलीप शिंदे, रवींद्र गेहलोद, सुनील रामा, ईकेश ढाबा, राकेश फिरता, अशोक राजाराम, बिरजू मालसिंग, पेरसिंग सियाराम, विजय मोरे आदि ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को आदिवासी लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया।

## सीएमडी ने क्रांतिकारियों के बलिदान को किया नमन

जनसंपर्क अधिकारी संदीप ठाकरे ने बताया मुख्य अतिथि नेपा मिल सीएमडी सौरव देब ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायकों भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा भील जैसे क्रांतिकारियों के योगदान को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। महा प्रबंधक संचालन अजय गोयल, उप महाप्रबंधक कार्य सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक श्रम कल्याण विकास गौर, प्रबंधक कार्मिक, प्रशासन महेंद्र केसरी, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर उपस्थित थे।

# नेपा लिमिटेड में मध्य प्रदेश के जनजातीय लोक संस्कृति से सुसज्जित सांस्कृतिक संध्या का हुआ आयोजन




नेपानगर (मोहम्मद इकबाल)। भारत सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम नेपा लिमिटेड के सभागार में बुधवार, 9 अगस्त की शाम को अंतर्राष्ट्रीय आदिवासी दिवस मनाया गया। मध्य प्रदेश के जनजातीय लोक संस्कृति से सुसज्जित सांस्कृतिक संध्या का मुख्य अतिथि नेपा लिमिटेड सीएमडी कोमोडोर सौरव देब द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। मुकेश दरबार के निर्देशन में नेपानगर जागृति कला केंद्र के लगभग 20 कलाकारों ने मध्य प्रदेश राज्य के विभिन्न लोक नृत्यों विशेषतः निमाड़ के भगोरिया, फगुआ आदि पारंपरिक लोक नृत्यों और लोकगीतों की प्रस्तुति दी। पारंपरिक वेशभूषा में जनजातीय वाद्ययंत्रों की ताल पर थिरकते हुएं सैय्यद निसार ,प्रकाश केदारे ,सुनील शिंदे ,शेख वसीम ,मुकेश मेढ़े , दिलीप शिंदे, रविंद्र गेहलोद ,सुनील रामा ,ईकेश ढाबा ,राकेश फिरता ,अशोक राजाराम ,बिरजू मालसिंग ,पेरसिंग सियाराम ,विजय मोरे, रुपेश महाजन ,दीपक जेम्स ,धनजी खैरे ,सोनू बेहरे ,सीमा लोनारे ,अश्विनी धुर्वे आदि द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को आदिवासी लोक संस्कृति के रंग में रंग दिया। मुख्य अतिथि कमोडोर सौरव देब द्वारा स्वतंत्रता संग्राम के महा नायकों भगवान बिरसा मुंडा और टंट्या मामा भील जैसे क्रांतिकारियों के योगदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। अवसर पर महा प्रबंधक (संचालन) अजय गोयल, उप महाप्रबंधक (कार्य) सुरेंद्र मेहता, प्रबंधक (श्रम कल्याण) विकास गौर, प्रबंधक (कार्मिक एवं प्रशासन) महेंद्र केसरी, कंपनी सचिव पूर्णिमा पाराशर सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।